भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 25 अप्रैल 2024, बृहस्पतिवार

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के सिद्धिपेट में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

तुष्टिकरण में डूबी **TRS** और कांग्रेस द्वारा दिए गए मुस्लिम आरक्षण को हम ख़त्म कर **SC-ST** और **OBC** को आरक्षण देंगे

****

कांग्रेस ने अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए टीआरएस से दोस्ती कर ली है

****

कांग्रेस ने तेलंगाना को अपना **ATM** बना लिया

****

मजलिस के डर से **TRS** और कांग्रेस तेलंगाना विमोचन दिवस नहीं मानती

****

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बृहस्पतिवार को तेलंगाना के सिद्धिपेट में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस एवं बीआरएस पर भ्रष्टाचारी होने का आरोप लगाते हुए देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में मंच पर मल्काजगिरी लोकसभा प्रत्याशी श्री ईटेला राजेन्द्र और मेडक लोकसभा प्रत्याशी श्री एम रघुनंदन राव, सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि मैं तेलुगु में बोल नहीं सकता, इसके लिए माफी मांगता हूं। तेलंगाना की 12 सीटें भाजपा को देकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 400 पार कराएं और उन्हें एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएं। श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, तो भाजपा प्रत्याशी को वोट दें, क्योंकि उनको जो एक-एक वोट देंगे, वो सीधा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मिलेगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कह कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के लंबे समय से लंबित समस्याओं को समाधान किया है। कांग्रेस पार्टी और बीआरएस पार्टी जरा भी नहीं चाहती थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने कई दशकों तक राम मंदिर के मुद्दे को अधर में लटकाए रखा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पांच साल में श्रीराम मंदिर मामले पर चल रहे केस भी जीता और भूमि पूजन भी किया। राम जन्म भूमि पर बने भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कर जय श्रीराम भी कर दिया। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 समाप्त कर के कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बनाया है। कश्मीर हमेशा भारत का हिस्सा था है और रहेगा।

बीआरएस और कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि बीआरस (पूर्व में टीआरएस) और कांग्रेस ने मिलकर तेलंगाना में भ्रष्टाचार किया है। तेलंगाना में सरकार बनने के बाद इतने कम समय में ही कांग्रेस ने तेलंगाना को दिल्ली का एटीएम बना दिया है। बीआरएस और कांग्रेस दोनों ही मिले हुए हैं इसीलिए कांग्रेस की तेलंगाना सरकार बीआरएस द्वारा किए गए कालीश्वरम घोटाले हो या भूमि

घोटाले हो, किसी भी भ्रष्टाचार की जांच नहीं कर रही है। देश में धानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओ, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी तेलंगाना को भ्रष्टाचार से मुक्त कराएंगे।

तेलंगाना के गौरव को रेखांकित करते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस मजलिस के डर के कारण तेलंगाना विमोचन दिवस नहीं मनाती हैं, लेकिन भाजपा ने 17 सिंतबर को तेलंगाना विमोचन दिवस मनाने का संकल्प लिया है। भाजपा तेलंगाना में मजलिस से नहीं डरता है।

धार्मिक आधार पर आरक्षण देने के लिए कांग्रेस और बीआरएस की आलोचना करते हुए श्री शाह ने कहा कि तेलंगाना में बीआरएस और कांग्रेस ने मुस्लिम आरक्षण दिया है, भाजपा की सरकार बनने पर मुस्लिम आरक्षण समाप्त करके एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण देंगे, उनका हक वापस दिलाएंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि तेलंगाना का मूड इस बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एकबार फिर प्रधानमंत्री बनाना तय किया है। तेलंगाना में कमल खिलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दिल्ली भेजना है। श्री शाह ने तेलंगाना कि जनता को विश्वास दिलाया कि समग्र तेलंगाना का विकास तभी होगा, जब केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। श्री शाह ने उपस्थित जनता से मेढक समेत देशभर में कमल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने और फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

****